समस्त पत्र–व्यवहार "कुलसचिव" को ही संबोधित किया जाये
किसी अधिकारी के व्यक्तिगत नाम से नहीं । पूर्व सन्दर्भ यदि हो
तो, देना आवश्यक हैं अन्यथा कोई कार्यवाही संभव नहीं होगी ।

दूरभाष : 2529540,2527532
तार : यूनिव्हर्सिटी
फेक्स : 0731–2529540

# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर–452 001

क्रमांक : परीक्षा / सामान्य / 2023 / 262

दिनांक 16 NOV 2023

प्रति,
प्राचार्य / प्राचार्या महोदय,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जिला–इन्दौर,धार,झाबुआ,खण्डवा,बुरहानपुर,अलीराजपुर,खरगोन,बड़वानी

**विषयः– स्नातक स्तर के पुराने पाठ्यक्रम Old Course (NEP 2020 लागू होने के पूर्व के विद्यार्थी) में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियो के लिये दिशा निर्देश**

**संदर्भः– आदेश क्रमांक 5 शैक्ष. / पाठ्य. / अधि. / 2022 / 3079, दिनांक 16 / 11 / 2022**

उपरोक्त संदर्भित पत्र के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक स्तर के पुराने पाठ्यक्रम (Old Course) के अनुत्तीर्ण विद्यार्थियो (NEP 2020 लागू होने के पूर्व प्रवेशित विद्यार्थियो के लिय) निम्नलिखित दिशा निर्देश जारी किये जाते हैं।

1. ऐसे विद्यार्थी जो प्रथम वर्ष में पुराने पाठ्यक्रम के अनुसार उत्तीर्ण है और नियमित द्वितिय वर्ष में प्रवेश चाहते है उन्हें द्वितीय वर्ष में NEP-2020 पाठ्यक्रम के अनुसार प्रवेश लेना होगा। इस हेतु उन्हें NEP-2020 के द्वितीय वर्ष पाठ्यक्रम के अलावा एक वोकेशनल कोर्स (प्रथम वर्ष NEP का) तथा एक प्रोजक्ट वर्क / इन्टर्नशिप / अप्रेटिसशिप, कम्युनिटी एनगजमेंट एंड सर्विस एवं फाउडेशन कोर्स का योग एवं ध्यान तथा पर्यावरण अध्ययन विषय का अतिरिक्त रूप से अध्ययन कर परीक्षा को उत्तीर्ण करना होगा।
2. पुराने कोर्स के द्वितीय वर्ष की सिर्फ पूरक परीक्षा (नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियो) की अंतिम बार दो बार (नवम्बर–दिसम्बर 2023 एवं मार्च–अप्रैल 2024) में आयोजित की जावेगी। जो विद्यार्थी (नियमित एवं स्वाध्यायी) प्रथम वर्ष पुराने पाठ्यक्रम से उत्तीर्ण है। इन विद्यार्थियो को द्वितीय वर्ष में (नियमित / स्वाध्यायी) विद्यार्थियो के रूप में पूर्ण पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश की पात्रता नही होगी।
3. ऐसे विद्यार्थी जो द्वितीय वर्ष तक नियमित विद्यार्थी के रूप में पुराने पाठ्यक्रम के अनुसार उत्तीर्ण है तथा वे तृतीय वर्ष में नियमित विद्यार्थी के रूप में प्रवेश लेना चाहते है उन्हें तृतीय वर्ष NEP-2020 पाठ्यक्रम के अनुसार अध्ययन करना होगा। इस हेतु उन्हें प्रथम वर्ष NEP एवं द्वितीय वर्ष NEP के एक–एक वोकेशनल कोर्स (कुल दो) एवं प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष का एक–एक प्रोजक्ट वर्क / इन्टर्नशिप / अप्रेटिसशिप, कम्युनिटी एनगेजमेंट एंड सर्विस (कुल दो) एवं फाउडेशन कोर्स का (1) योग एवं ध्यान, (2) पर्यावरण अध्ययन, (3) स्टार्टअप एवं अद्यमिता, (4) महिला संशक्तिकरण का अध्ययन अतिरिक्त रूप से करना होगा।

Cont….2

4. ऐसे विद्यार्थी जो द्वितीय वर्ष तक नियमित विद्यार्थी के रूप में पुराने पाठ्यक्रम से उत्तीर्ण है तथा वे तृतीय वर्ष में स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप मे अध्ययन करना चाहते है उन्हें पुराने पाठ्यक्रम के अनुसार ही परीक्षा देनी होगी। इन विद्यार्थियो के लिये संपूर्ण परीक्षा माह मार्च–अप्रैल 2024 में अंतिम बार आयोजित की जावेगी तथा माह अक्टूबर–नवम्बर 2024 में तथा मार्च–अप्रैल 2025 में अंतिम बार पूरक परीक्षा आयोजित की जावेगी।
5. नियमित पाठ्यक्रम से स्वाध्यायी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रत्येक महाविद्यालय के प्राचार्य इन विद्यार्थीयों की सूची एम.पी.ऑनलाईन को प्रस्तुत करें।
6. उपरोक्त पाठ्यक्रमो में प्रवेश हेतु किसी भी प्रकार के पात्रता प्रमाण (Eligibility Certificate) की आवश्यकता नही होगी। समस्त प्राचार्य इन विद्यार्थियो की सूची संलग्न प्रारूप में एम.पी.ऑनलाइन को प्रेषित करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन क्रमांक: परीक्षा/सामान्य/2023/262 दिनांक : 16 NOV 2023

प्रतिलिपि :–

1. अतिरिक्त संचालक, उच्चशिक्षा , इन्दौर संभाग, मोती तबेला, इन्दौर
2. प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी संबंधित महाविद्यालय जिला इन्दौर, धार, झाबुआ, खण्डवा, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर, अलीराजपुर इस निवेदन के साथ अग्रेषित कि वे कृपया संबंधित परीक्षार्थियों को इससे अवगत कराने की समुचित व्यवस्था करें।
3. संकायाध्यक्ष, छात्रकल्याण, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
4. कुलपतिजी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक
5. प्रभारी, परीक्षा/गोपनीय कंट्रोल रूम/लेखा/प्रशासन/शैक्षणिक/विकास/मुद्रणालय/केन्द्रीय कार्यालय /विभाग के संबंधित सहायक, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
6. प्रभारी नेट. आई.टी. सेन्टर/ प्रभारी एम.पी. आनलाइन, आय.आय.पी.एस., दे.अ.वि.वि. इन्दौर ।
7. वरीष्ठ, समन्वयक, केन्द्रीय मूल्यांकन केन्द्र, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
8. पूछताछ कक्ष, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

की और सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

D/Shiva Rana/Letter/071123

# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

## तृतीय वर्ष NEP (नियमित) में प्रवेश लेने हेतु विद्यार्थी की जानकारी एम.पी.ऑनलाइन को प्रदान किये जाने का प्रारूप

**महाविद्यालय का नाम:**..............................................................................

| क्रं. | नामांकन क्रमांक | विद्यार्थी का नाम | पाठ्यक्रम का नाम (B.A/B.Com./B.Sc./अन्य) | व्यावसायिक पाठ्यक्रम (Vocational Cours) प्रथम वर्ष NEP का | व्यावसायिक पाठ्यक्रम (Vocational Cours) द्वितीय वर्ष NEP का | फाउडेशन कोर्स प्रथम वर्ष का | फाउडेशन कोर्स प्रथम वर्ष का | फाउडेशन कोर्स द्वितीय वर्ष का | फाउडेशन कोर्स द्वितीय वर्ष का | प्रोजेकट वर्क / इर्न्टनशिप / अपेटिन शिप / कम्यूनिटी एनगेजमेंट एंड सर्विस प्रथम वर्ष | प्रोजेकट वर्क / इर्न्टनशिप / अपेटिन शिप / कम्यूनिटी एनगेजमेंट एंड सर्विस द्वितीय वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | योग एवं ध्यान | पर्यावरण अध्ययन | स्टार्टअप एवं अद्यमिता | महिला संशक्तिरण | | |
| | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | |

अन्य पाठ्यक्रम में पाठ्यक्रम का नाम अवश्य दे।

# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

## द्वितीय वर्ष NEP (नियमित) में प्रवेश लेने हेतु विद्यार्थी की जानकारी एम.पी.ऑनलाइन को प्रदान किये जाने का प्रारूप

महाविद्यालय का नामः..............................................................................

| क्रं. | नामांकन क्रमांक | विद्यार्थी का नाम | पाठ्यक्रम का नाम (B.A/B.Com./B.Sc./अन्य) | व्यावसायिक पाठ्यक्रम **(Vocational Cours)** का नाम | फाउडेशन कोर्स प्रथम वर्ष का | फाउडेशन कोर्स प्रथम वर्ष का | प्रोजेकट वर्क इन्टनशिप/अपेटिनशिप/कम्यूनिटी एनगेजमेंट एंड सर्विस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | योग एवं ध्यान | पर्यावरण अध्ययन | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

अन्य कोर्स में कोर्स का नाम अवश्य दे।